मध्यप्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था की कार्यप्रणाली

भारत सरकार द्वारा पारित बीज अधिनियम 1966 की धारा 25 के अंतर्गत बनाये गये बीज नियम, 1968 की धारा–6 (बी) के अंतर्गत केन्द्रीय बीज प्रमाणीकरण परिषद के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था के संचालक मण्डल द्वारा मध्यप्रदेश में बीज के प्रमाणीकरण के तकनीकी कार्यो हेतु यह कार्यप्रणाली जारी की जा रही है। संस्था के संचालक मण्डल की 72वीं बैठक में अनुमोदन अनुसार प्रचलित कार्यप्रणाली में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यप्रणाली दिनांक 15–3–2013 से प्रभावी होगी। जो ''संस्था की कार्यप्रणाली'' के नाम से जानी जावेगी। इसके साथ ही इस संस्था द्वारा पूर्व में जारी की गई ''बीज प्रमाणीकरण संस्था की कार्यप्रणाली'' निष्प्रभावी हो जावेगी।

1– बीज प्रमाणीकरण संस्था की स्थापना :–

बीज अधिनियम–1966 की धारा–8 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में ''मध्यप्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था'' की स्थापना (पंजीयन क्र.–8701) दिनांक 21.1. 1980 को की गई जिसका कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश राज्य है। बीज उत्पादन एवं प्रमाणीकरण का कार्य, कृषक, बीज उत्पादक संस्थाऐं, केन्द्रीय/राज्य स्तरीय अनुसंधान संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय तथा कृषि विभाग के सहयोग से ही पूरा होना संभव है। प्रमाणीकरण के कार्य में प्रत्येक स्तर पर पूर्ण, सजगता, सक्षम एवं निष्पक्ष कार्यकर्ता तथा विशुद्ध कार्यप्रणाली की आवश्यकता है। बीज प्रमाणीकरण में संलग्न तकनीकी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उत्पादकों के मार्गदर्शन हेतु यह पुनरीक्षित कार्यप्रणाली प्रसारित की जा रही है।

2– बीज प्रमाणीकरण का उद्देश्य :–

बीज प्रमाणीकरण का उद्देश्य फसलों की अधिसूचित किस्मों का केन्द्रीय बीज प्रमाणीकरण मण्डल द्वारा निर्धारित बीज प्रमाणीकरण के सामान्य नियमों तथा विभिन्न फसलों के विशिष्ट मानकों के अन्तर्गत प्रमाणीकरण करना है एवं उच्च गुणवत्ता के बीज की सामयिक उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

3– बीज प्रमाणीकरण के लिये आवश्यक अहर्ताएं :–

केन्द्रीय बीज प्रमाणीकरण बोर्ड द्वारा निर्धारित सामान्य न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण एवं विशिष्ट फसलों के निर्धारित मानक तथा समय–समय पर केन्द्रीय बीज समिति/उपसमिति द्वारा अनुमोदित नियमों का एवं मध्यप्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा समय–समय पर जारी निदेर्शों एवं इस कार्यप्रणाली में उल्लेखित नियमों एवं धाराओं का पालन अनिवार्य है।

4– प्रमाणीकरण हेतु फसलो/किस्मों की पात्रता :–

केवल वे ही फसलें/किस्में जो बीज अधिनियम 1966 की धारा–5 के अन्तर्गत अधिसूचित हो बीज प्रमाणीकरण की पात्रता रखती है।

5– <u>बीजों की श्रेणियां :–</u>

5.1 प्रजनक बीज (Breeder Seed):– यह बीज, प्रजनक अथवा प्राधिकृत प्रजनक की सीधी देख–रेख में तैयार किया जाता है एवं/या जिसका उत्पादन सुशिक्षित पादप प्रजनक के पर्यवेक्षण में किया गया हो। प्रजनक बीज अनुवांशिक रूप से इतना शुद्ध होना चाहिये कि उसके, आगामी आधार श्रेणी में अनुवांशिक शुद्वता के निर्धारित मानको के अनुरूप होने की गारंटी हो।

5.1.1 प्रजनक बीज की मॉनीटरिंग हेतु संबंधित प्रजनक द्वारा प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र बी.एस.पी.–2 में संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को भेजे जायेंगे। प्रजनक बीज की मॉनीटरिंग टीम में केन्द्रीय बीज प्रमाणीकरण बोर्ड के निर्धारण अनुसार निम्नानुसार सदस्य होंगे–

1– संबंधित संभाग के बीज प्रमाणीकरण अधिकारी।

2– संबंधित संभाग के बीज उत्पादक संस्था (बीज निगम/राष्ट्रीय बीज निगम) के संभागीय/क्षेत्रीय प्रमुख/क्षेत्र प्रबंधक।

3– संबंधित अधिकृत प्रजनक। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रतिनिधि ा नामित किये जाने पर वे भी इस टीम के सदस्य होंगे।

5.2 आधार बीज (Foundation Seed) :– आधार बीज प्रजनक बीज की सन्तति होगी या ऐसे आधार बीज से प्रगुणित किया गया हो जिसका पूर्व पैतृक प्रजनक बीज हो, की पुष्टि हो सके व उसका उत्पादन प्रमाणीकरण संस्था की देख–रेख में, एवं स्वीकृति से हुआ हो इस प्रक्रिया के दौरान निम्न मापदण्डों का पालन आवश्यक होगा :–

5.3 प्रजनक बीज से प्राप्त सन्तति आधार–। होगा।

5.4 ऐसा आधार बीज जो आधार–I से प्रगुणित किया गया हो वह आधार–II होगा। प्रजनक बीज की आवश्यकतानुसार बीज उत्पादक संस्था के आवेदन पर, बीज प्रमाणीकरण संस्था आधार–। से आधार–।। में बीज उत्पादन कार्यक्रम पंजीकृत कर सकेगी।

5.5 आधार–।। को पुनः आधार बीज प्रगुणन हेतु उपयोग में नही लाया जा सकेगा।

5.6 आधार–। व आधार–।। के प्रमाणीकरण मानक, जहां अलग–अलग निर्धारित नही किये गये हो एक समान रहेंगे व दोनो स्तरों के लिये निर्धारित मानकों के सहित सफेद रंग का टैग लगाया जावेगा।

5.7 प्रमाणित बीज (Certified Seed) :–

5.8 प्रमाणित बीज आधार बीज की सन्तति होगी और उसका उत्पादन इस तरह से हाथ में लिया जाएगा जिससे विशेष अनुवांशिक पहचान एवं शुद्धता प्रमाणित की जाने वाली फसल के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार बनायी रखी जा सके।

5.9 प्रमाणित बीज,प्रमाणित बीज की सन्तति हो सकता है। बशर्ते कि यह पुर्नप्रगुणन आधार–। बीज के बाद तीन पीढ़ी से अधिक न हो और बशर्ते कि बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा यह निश्चित कर लिया गया हो कि अनुवांशिक शुद्धता एवं पहचान सार्थक रूप से परिवर्तित न हुई हो।

5.10 प्रमाणित बीज के विभिन्न स्तरों के बीजो पर भारतीय न्यूनतम बीज मानकों में निर्धारित आकार व नीले रंग के टैग लगाए जावेंगे ।

5.11 उस उत्पादन के लिये जो प्रमाणीकरण के अन्तर्गत पुनः बीज प्रगुणन का पात्र नहीं है, टैग पर '' प्रमाणीकरण के अन्तर्गत पुनः प्रगुणन का पात्र नहीं '' शब्द अंकित करना आवश्यक होगा ।

5.12 बीज उत्पादक संस्थायें/इच्छुक कृषक निम्नानुसार निर्धारित श्रृंखलाओं में से बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु किसी एक का चयन करके तदनुसार फसलों के पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे :–

प्रजनक	प्रजनक
↓	↓
आधार प्रथम	आधार प्रथम
↓	↓
आधार द्वितीय	प्रमाणित प्रथम
↓	↓
प्रमाणित प्रथम	प्रमाणित द्वितीय
↓	
प्रमाणित द्वितीय	

भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानको के अन्तर्गत सामान्य बीज प्रमाणीकरण मानको के प्रावधान V के B के अन्तर्गत-3(d) अनुसार प्रमाणित द्वितीय के टैग पर ''Not eligible for furthur seed increase under certification'' अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

5ण्13 प्रमाणित तृतीय की अनुमति प्रबंध संचालक द्वारा पर्याप्त एवं उचित कारणो के आधार पर दी जा सकेगी।

6– <u>बीज प्रमाणीकरण के लिये आवेदन,निरीक्षण शुल्क एवं पंजीयन शुल्क :–</u>

बीज प्रमाणीकरण के इच्छुक किसान, संस्थाएं इत्यादि बीज उत्पादन कार्यक्रम पंजीयन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें :–

6.1 संस्था बीज उत्पादन हेतु संबंधित विभागों से पंजीकृत हो।

6.2 बीज प्रमाणीकरण कार्य हेतु बीज उत्पादक/संस्थायें/ विपणनकर्ता संस्थाओं का बीज प्रमाणीकरण संस्था में संस्थागत पंजीयन होना अनिवार्य होगा। यह पंजीयन एक वर्ष एवं तीन वर्ष हेतु निम्न शर्तो के तहत् होगाः–

<u>अ–एक वर्ष के लिये पंजीयन/नवीनीकरण हेतु–</u>

1– उत्पादक संस्था पंजीयन हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट–। अनुसार निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करना होगा।

2– जिन बीज उत्पादक संस्थाओ के स्वयं के स्वामित्व वाले भण्डार गृह एवं उसमें स्थापित स्वयं के बीज प्रक्रिया केन्द्र नहीं होंगे, ऐसी उत्पादक संस्थाओं का पंजीयन/नवीनीकरण एक वर्ष हेतु ही किये जावेगे।

3– उक्त पंजीयन/नवीनीकरण आवेदित वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक वैद्य होगा। वैद्यता अवधि समाप्ति के 15 दिवस पूर्व संबंधित संभागीय कार्यालय में आगामी नवीनीकरण हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

<u>ब–तीन वर्ष के पंजीयन/नवीनीकरण हेतु–</u>

1– उत्पादक संस्था पंजीयन हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट–। अनुसार निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करना होगा।

2– उक्त पंजीयन/नवीनीकरण आवेदित वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) से प्रारंभ होकर तीसरे वर्ष की 31 मार्च तक वैध होगा। वैद्य ता अवधि समाप्ति के 15 दिवस पूर्व संबंधित संभागीय कार्यालय में आगामी नवीनीकरण हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

3– बीज उत्पादक संस्था के पास स्वंय के स्वामित्व के भण्डार गृह में स्थापित स्वंय का बीज प्रक्रिया केन्द्र होना अनिवार्य है।

4– आवेदन के साथ स्वयं के स्वामित्व का भण्डार गृह होने से संबंधित समस्त अभिलेख जैसे भण्डार गृह का मानचित्र (माप एवं क्षमता सहित), रजिस्ट्री एवं शपथ–पत्र (निर्धारित परिशिष्ट–XI) आदि की सत्यापित छायाप्रति भी अनिवार्यत : प्रस्तुत करना होगी।

5– तीनो वर्षो का कुल शुल्क निम्नानुसार देय होगाः–

– पंजीयन शुल्क रूपये 6000/–

– नवीनीकरण शुल्क रूपये 2250/–

6– तीन वर्ष की अवधि हेतु पंजीयन/नवीनीकरण की स्थिति में नियत पंजीकृत बीज प्रक्रिया केन्द्र/भण्डार गृह में किसी भी प्रकार का आंतरिक/बाह्य परिवर्तन की स्थिति में 15 दिन पूर्व विवरण सहित सूचना संस्था के संबंधित संभागीय कार्यालय को देनी होगी। बिना पूर्व सूचना के इस प्रकार के परिवर्तन पाये जाने पर जांच उपरांत उक्त उत्पादक संस्था का पंजीयन/नवीनीकरण निरस्तीकरण की कार्यवाही संबंधित संभागीय कार्यालय द्वारा प्रस्तावित की जावेगी।

6.2.1 पंजीकृत उत्पादक संस्था/उत्पादक द्वारा प्रमाणीकरण कार्यो में अनियमितताओं की पुष्टि होने पर उक्त कार्य संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा निरस्त किये जावेगे। परन्तु इस कार्यवाही के पूर्व संबंधित संस्था को सुनवाई का अवसर दिया जाकर स्पष्ट आदेश द्वारा निराकरण किया जावेगा।

6.2.2 यदि किसी पंजीकृत बीज उत्पादक संस्था द्वारा एक वर्ष (लगातार दो फसल मौसम यथा रबी, खरीफ) में कोई भी बीज उत्पादन कार्यक्रम नहीं लिया जाता है, तो बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर उत्पादक संस्था पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जावेगी।

6.2.3 बीज उत्पादक संस्था पंजीयन/नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत आवेदन की जांच का पूर्णतः उत्तरदायित्व संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी का होगा। संभागीय कार्यालय में आवेदन प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर आवेदनों की जांच उपरांत कमियों की पूर्ति वाले आवेदन संबंधित को भेज दिये जावेंगे। जिनकी कमी पूर्ति उत्पादक संस्था द्वारा आगामी 15 दिवस में की जाना अनिवार्य होगा। इस प्रकार बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा आवेदनो का निराकरण 30 दिन में करने की बाध्यता होगी।

6.3 इच्छुक कृषक भी उत्पादक संस्थाओं की तरह अपना पंजीयन करा सकते हैं।

6.4 बीज उत्पादक संस्थाओं/कंपनियॉ/समितियां/कृषक उनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य अनुरूप लिये जाने वाले बीज उत्पादन कार्यक्रम की जिलेवार संभावित जानकारी संस्था के संबंधित संभागीय कार्यालय को, निम्नानुसार अवधि में प्रस्तुत करना होगाः–

–खरीफ बीज उत्पादन कार्यक्रम.....15 जून तक।

–रबी बीज उत्पादन कार्यक्रम

अ–शीघ्र बोने वाली फसलों हेतु.....15 सितम्बर तक।
(सरसों, तोरिया, मसूर एवं अलसी)

ब–रबी की शेष फसलो हेतु.....30 सितम्बर तक।

स–ग्रीष्म फसलों हेतु.....5 मार्च तक।

6.5 बीज उत्पादक संस्थाओ द्वारा उत्पादन कार्यक्रम हेतु पैतृक बीज के उपयोग (वितरण) के पूर्व बीज स्टाक का भौतिक सत्यापन (Stock

Physical Verification) संस्था के संबंधित संभाग के अधिकारी से कराना अनिवार्य होगा। अन्य प्रदेशो से बीज प्राप्त होने की स्थिति में बीज अधिनियम 1966 की धारा 9 (3) में निर्धारित प्रमाण–पत्र की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। परिशिष्ट–IV में उल्लेखित निर्धारित तिथि तक इस हेतु बीज उत्पादक संस्था को संभागीय कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिसका भौतिक सत्यापन संबंधित कार्यालय द्वारा सात कार्यकारी दिवस में किया जावेगा।

6.6 बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु कृषक को दिये जाने वाले बीज के चालान/बिल/कैशमेमो में बीज का लाट क्रमांक, वजन व बोरियों की संख्या अंकित होना अनिवार्य होगा। बीज के चालान/बिल/कैशमेमो में प्रदायकर्ता के साथ–साथ बीज प्राप्तकर्ता के भी हस्ताक्षर होना आवश्यक होगा।

6.7 फसल पंजीयन हेतु बीज उत्पादक संस्था/प्रक्रिया केन्द्र/वितरण केन्द्रों के प्रभारी एवं आवेदक कृषक, निर्धारित आवेदन पत्र (परिशिष्ट–।।) पूर्ण रूप से व सही–सही भरकर आवश्यक सभी संलग्नको (Enclosures) सहित प्रस्तुत करेंगें। इन अभिलेखों में प्रदाय बीज लाट का टैग, प्रजनक बीज होने पर उसका लेबल व प्रजनक प्रमाण–पत्र, मानीटरिंग टीम रिपोर्ट, प्रदाय बीज का बिल/कैशमेमो, भू–अभिलेखों (बी–1) की सत्यापित प्रति एवं कंडिका 9 के अन्तर्गत उल्लेखित संबंधित अभिलेखों सहित निर्धारित अंतिम तिथि तक संस्था के संबंधित संभागीय कार्यालय को प्रस्तुत की जानी चाहिये।

6.7.1 बीज उत्पादन कार्यक्रम के पंजीयन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र में यथा स्थान बीज उत्पादक कृषक का पासपोर्ट आकार का फोटो लगाना अनिवार्य होगा। जिसका सत्यापन स्थानीय जनप्रतिनिधि (ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/जिला पंचायत एवं नगर पंचायत/नगर पालिका/निगम के सदस्य तथा विधायक/सांसद) या स्थानीय शासकीय अधिकारी से कराया जाना होगा।

6.8 प्रत्येक फसल/किस्म व श्रेणी के लिए पूर्ण रूप से सही भरा हुआ अलग–अलग आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जावेगा ।

6.9 प्रत्येक कृषक का पंजीयन प्रत्येक मौसम में प्रत्येक उत्पादक संस्था के लिये अलग अलग होगा।

6.10 आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार अभिलेख संलग्न होना आवश्यक है ।

6.10.1 बीज उत्पादन के लिये उन्ही कृषकों के नाम से पंजीयन मान्य किया जावेगा, जिन्होंने अपने स्वयं/संयुक्त खातेदारो के खाते की भूमि पर

बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया है। शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार लीज पर ली गई भूमि पर भी बीज उत्पादन मान्य किया जा सकेगा।

अ– व्यक्तिगत बीज उत्पादक कृषक (Individual Seed Grower) द्वारा फसल पंजीयन आवेदन के साथ भू अभिलेख खसरा की नकल (बी–1) की छाया प्रतियॉ स्वप्रमाणित की जाकर संलग्न की जाना अनिवार्य होगा।

ब– शासकीय/अर्धशासकीय/निजी/अन्य बीज उत्पादक संस्थाओं द्वारा फसल पंजीयन आवेदन के साथ संलग्न भू अभिलेख खसरा नकल (बी–1) की छायाप्रति बीज उत्पादक कृषक के साथ साथ बीज उत्पादक संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि/प्रभारी अधिकारी द्वारा भी सत्यापित की जाना अनिवार्य होगा।

स– बीज उत्पादक सहकारी समितियों द्वारा फसल पंजीयन आवेदन के साथ भू अभिलेख खसरा नकल (बी–1) की छायाप्रति बीज उत्पादक कृषक के साथ–साथ समिति अध्यक्ष द्वारा भी सत्यापित की जाकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अभिलेख प्रमाणित/सत्यापन करने वाले कृषक/उपरोक्त उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर के साथ नाम एवं दिनांक अंकित किये जावेंगे।

6.10.2 प्रथम फसल निरीक्षण के समय बीज स्त्रोत की पुष्टि करने हेतु संस्था के अधिकृत अधिकारी को आवश्यक प्रमाण जैसे बोये बीज की खाली बोरियां, टैग्स, लेबिल, लेड सील, बीज का बिल/कैशमेमो एवं बीज लाट्स का प्रमाणीकरण संस्था का भौतिक सत्यापन प्रपत्र, प्रजनक बीज होने पर इसकी मानीटरिंग रिपोर्ट की प्रति इत्यादि संबंधित बीज उत्पादक को प्रस्तुत करना होगा।

6.10.3 बीज उत्पादक/बीज उत्पादक संस्था द्वारा प्रमाणीकरण शुल्क की राशि निर्धारित दरों पर देय होगी जिन्हें परिशिष्ट–IV में निर्धारित अंतिम तिथियों के पूर्व प्रस्तुत करना होगा। एक एकड़ से कम क्षेत्र को निरीक्षण शुल्क के लिये पूर्ण एकड़ माना जाकर शुल्क लिया जावेगा। वर्तमान निध ार्ारित शुल्क (परिशिष्ट–III) पर संलग्न है।

6.10.4 फसल पंजीयन हेतु प्रत्येक ऋतु में बीज उत्पादक संस्थाओं को उनके द्वारा आयोजित बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु प्रस्तुत समस्त आवेदनो एवं उनके साथ संलग्न सभी अभिलेखों के सही एवं प्रमाणिक होने का नोटराइज्ड़ शपथ पत्र (Affidavit) रूपये 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर उस संस्था का मालिक/अधिकृत

प्रतिनिधि/प्रभारी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्तुत करना होगा (परिशिष्ट–XII अनुसार)।

बीज उत्पादक संस्था द्वारा यदि अवैधानिक अभिलेख प्रस्तुत कर फसल पंजीयन/प्रमाणीकरण कार्य कराया जाना पाया जाता है, तो बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा जांच उपरांत संबंधित उत्पादक संस्था/कृषक के विरूद्ध नियमानुसार पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई जावेगी। इसके अतिरिक्त उत्पादक संस्था का संस्थागत पंजीयन निरस्त किया जाकर समस्त प्रमाणीकरण कार्यवाही प्रतिबंधित की जावेगी एवं बीज उत्पादक संस्था द्वारा प्रमाणीकरण कार्य हेतु जमा शुल्क राशि संस्था द्वारा वापस नहीं की जावेगी।

6.11 बीजोत्पादन कार्यक्रम हेतु यथा संभव एक उत्पादक को एक ही लाट का बीज दिया जाए।

6.12 प्रत्येक बिंदु की सही–सही जानकारी आवेदन–पत्र में अंकित हो व उत्पादक संस्था उसे सत्यापित कर, क्षेत्र में पदस्थ बीज प्रमाणीकरण संस्था के प्रतिनिधि को सौंपेगे।

6.13 संकर फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु आवश्यक पैतृकों की जानकारी का स्पष्ट उल्लेख किया जावे।

6.14 आवेदन–पत्र (परिशिष्ट–II) के अनुसार निर्धारित तिथियों तक या आवश्यकतानुसार ऋतु विशेष में की गई वृद्धि अनुसार स्वीकार होंगे।

6.15 अपूर्ण व असत्य जानकारी देने पर आवेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

6.16 यदि कोई आवेदक अपरिहार्य कारणों, अतिवर्षा या सूखे के कारण बीज नहीं बो पाता है या फसल नष्ट हो जाती है तो पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त होने की तिथि के 15 दिन के अंदर, आवेदन में अंकित संपूर्ण या आंशिक क्षेत्र प्रमाणीकरण कार्यक्रम से वापस करा सकता है, ऐसी स्थिति में केवल उतने ही फसल क्षेत्र के निरीक्षण शुल्क की राशि वापस/समायोजित हो सकेगी जिसका बीज प्रमाणीकरण संस्था के प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण नहीं किया गया हो।

6.17 संस्थागत/कृषक पंजीयन, उत्पादन कार्यक्रम पंजीयन हेतु अनिवार्य होगा।

6.18 बीज उत्पादक संस्था/बीज उत्पादक के मैदानी कार्यकर्ता बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी को खेत चिन्हित करने में सहायता करेंगे तथा संस्था के अधिकारी उनके भ्रमण के दौरान प्रमाणीकरण संबंधी उत्पादकों को तकनीकी जानकारी देंगे, जैसे भिन्न पौधे, संदूषक, खरपतवार आदि निरीक्षण के पूर्व निकालने हेतु जानकारी देंगे।

6.19 बीज उत्पादक कृषक के खेत का फसल की निरीक्षण अवस्था अनुसार नहीं होने पर जानकारी उत्पादक/उत्पादक संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। जिन उत्पादकों का निरीक्षण नहीं हो पाता है ऐसे उत्पादको की जानकारी प्रथम निरीक्षण से पूर्व बीज प्रमाणीकरण संस्था

संबंधित उत्पादक संस्था को उपलब्ध करायेगी। मौसम की प्रतिकूल दशा में अथवा ऐसी दशा में जब अपरिहार्य कारणों से निरीक्षण नहीं हो पाया हो तो ऐसे कृषकों का निरीक्षण शुल्क बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा वापस किया जावेगा। बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा इसके अलावा कोई अन्य प्रभार नहीं दिया जावेगा।

6.20 परिशिष्ट IV के अनुसार निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम होगा।

7— <u>प्रमाणीकरण के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यक्रम में क्षेत्रफल एवं क्षेत्र का निर्धारण :—</u>

7.1 बीज प्रमाणीकरण के लिये प्रस्तावित क्षेत्र की कोई अधिकतम क्षेत्रफल सीमा निर्धारित नहीं है।

7.2 प्रस्तावित बीजोत्पादन कार्यक्रम सघन बनाने के लिये कार्यक्रम पंजीयन हेतु निम्नानुसार शर्ते रहेंगी। विशेष स्थितियों में इसमें प्रबंध संचालक की अनुमति से परिवर्तन किया जा सकेगा :—

7.2.1 बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा पंजीकृत प्रक्रिया केन्द्रों से 30 किलोमीटर के अंदर बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जावे।

7.2.2 शासकीय प्रक्षेत्र एवं बीज निगम प्रक्षेत्र जहां प्रक्रिया केन्द्र नहीं है, के 15 किलोमीटर के अन्दर कार्यक्रम लिया जावे।

7.2.3 उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी क्षेत्र विशेष में कृषक बीज उत्पादक कार्यक्रम लेने हेतु उत्सुक हो तो 7 किलोमीटर की परिधि में कम से कम 30 हैक्टेयर क्षेत्र होना आवश्यक है।

7.2.4 संकर कपास के लिये प्रत्येक ग्राम में कम से कम 5 हैक्टेयर क्षेत्र होना आवश्यक है।

7.2.5 सब्जी बीजोत्पादन कार्यक्रम हेतु 5 किलोमीटर की परिधि में 1 हैक्टेयर क्षेत्र होना चाहिये। उपरोक्त सीमा का बंधन लघु फसलों (Minor Crops) पर लागू नहीं होगा ।उत्पादक संस्थाओं द्वारा ग्रामों/कृषकों का चयन इस प्रकार किया जावेगा जहां निरीक्षण हेतु सुगमता से पहुंचा जा सके। बीज ग्राम योजना की सूची उत्पादक संस्थाओ द्वारा उपलब्ध करायी जावेगी।

7.3 जिस बीज उत्पादक संस्था के माध्यम से उत्पादन कार्यक्रम पंजीकृत किया जावेगा उसका बीज उत्पादन सामान्यतः उसी संस्था के बोरे/थैले तथा ट्रेडमार्क में पैक किया जावेगा। निर्धारित शुल्क सहित किसी बीज उत्पादक संस्था/कृषक द्वारा अन्य बीज उत्पादक संस्था को विपणनकर्ता निर्धारित करने की अनुमति संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा दी जावेगी। विपणनकर्ता संस्था के बेग/लेबल में मूल बीज उत्पादक संस्था का नाम बेग/लेबल(दोनों) में स्पष्ट अंकित किया जावे।

8– <u>क्षेत्र निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण की ईकाई :–</u>

एक कृषक/बीज उत्पादक द्वारा बोये गये कुल क्षेत्र के निरीक्षण के लिये निम्नानुसार प्रमाणीकरण क्षेत्र को एक ईकाई माना जायेगा अगर :

8.1 उसका क्षेत्रफल 10 हैक्टेयर से अधिक न हो। 10 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल होने पर सुविधानुसार 2 या अधिक भाग किये जा सकते है पर इसका निरीक्षण शुल्क पर कोई असर नहीं होगा।

8.2 पूरे क्षेत्र में बोई गई फसल एक ही किस्म की हो।

8.3 पूरे क्षेत्र की फसल की अवस्था (आयु) तथा बाढ़ समान हो।

8.4 पूरे क्षेत्र में एक ही श्रेणी तथा एक ही वंशानुगत पीढ़ी का बीज बोया गया हो।

8.5 पूरे क्षेत्र में विभिन्न खेत एक दूसरे से 50 मीटर से अधिक दूर न हो।

8.6 बीज उत्पादक संस्था जहां तक हो सके अच्छी फसल उत्पादन हेतु उपयुक्त कृषि कार्यमाला की उचित जानकारी समय पर प्रदाय <u>करे/अपनायें</u> जिससे बीज की गुणवत्ता बनाई रखी जा सके।

8.7 भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानको के परिशिष्ट–II में निर्धारित शर्तो के अनुसार बीज उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत अर्न्तवर्तीय फसले ली जा सकेगी।

9– <u>बीज के स्त्रोत का सत्यापन :–</u>

आवेदन पत्र के साथ

बीज स्त्रोत सत्यापन प्रमाणीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व की मूलभूत तथा अनिवार्य प्रक्रिया है, अतः यह जानने के लिये कि प्रमाणीकरण हेतु प्रस्तुत बीज उत्पादन कार्यक्रम, मान्य स्त्रोत से ही प्राप्त बीज बोया गया है, संस्था को बीज उत्पादन पंजीयन आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे –

9ण्1 बीज प्राप्ती का सम्पूर्ण विवरण। प्रदाय संस्था का चालान/बिल आदि। संकर फसलों के बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु आवश्यक पैतृकों बीजों का लाट मूवमेंट।

9.2 अन्य राज्यो से प्राप्त बीज का पैकिग प्रमाण पत्र/रिलीज आर्डर।

9.3 श्रेणी निर्धारण हेतु संतती प्रमाण पत्र। अन्य प्रमाणीकरण संस्थाओं द्वारा प्रमाणित बीज में यदि श्रेणी को स्पष्ट न किया गया हो, तो अंतिम प्रमाणीकरण प्रमाण–पत्र से पुष्टि की जावे। अथवा आवश्यकतानुसार संबंधित संस्था के सक्षम अधिकारी द्वारा अभिलेखों के आधार पर दिये गये प्रमाण को भी मान्य किया जा सकेगा।

9.4 प्रजनक बीज का प्रमाणपत्र, बिल, बीज आवंटन एवं अन्य सहयोगी प्रमाण।

9.5 बीज लाट्स का प्रमाणीकरण संस्था द्वारा भौतिक सत्यापन प्रपत्र।

9.6 प्रत्येक उत्पादक को जारी किया गया चालान/बिल जिस पर प्रदाय बीज का लाट क्रमांक स्पष्ट अंकित हों तथा कृषक/प्रतिनिधि के हस्ताक्षर हों।

9.7 आधार एवं प्रमाणित बीज की श्रेणी निर्धारण हेतु प्रत्येक लाट का एक टैग प्रत्येक पंजीयन आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदन पत्र में समस्त टेगो/लेबल के नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

कृषक प्रक्षेत्रों पर निम्नानुसार अभिलेख उपलब्ध होना चाहिये :

9.8 आवेदन फार्म में दर्शाये गये लाट्स के समस्त बैग्स/टैग्स और लेबल।

9.9 उत्पादक संस्था द्वारा जारी किया गया चालान/बिल जिस पर लाट क्रमांक व अन्य विवरण स्पष्ट अंकित हो।

बीज स्रोत सत्यापन का मूल उद्देश्य कृषक द्वारा उपयोग किये गये बीज का स्रोत निर्धारण है। उपरोक्तानुसार में से उपलब्ध प्रमाण से संतुष्ट होने पर उसका विवरण प्रतिवेदन में अंकित कर बीज स्त्रोत का सत्यापन किया जायेगा।

10– <u>बीज प्रमाणीकरण के अंतर्गत फसल की देखभाल</u>

बीज प्रमाणीकरण के लिए फसल उगाते समय प्रत्येक किसान के लिए यह आवश्यक होगा कि वह संस्था द्वारा बताई गयी कृषि कार्य संबंधी विभिन्न कार्यविधि जिसमें पृथक्करण दूरी, अवांछित पौधों का निकालना,संकर मक्का उत्पादन में मादा पंक्ति से पराग देने वाली नर मंजरी निकालना तथा संकर ज्वार एवं बाजरा की मादा पंक्ति से पराग देने वाले शीर्ष निकालना आदि सम्मिलित है,समय अनुसार अपनायें, जिससे उत्पादित बीज भारतीय न्यूनतम बीज मानकों के अनुरूप बन सके। इसके अलावा बीज प्रमाणीकरण के लिए प्रस्तावित फसल में निम्नलिखित शर्ते पूरी होना आवश्यक है।

10ण्1 खेत में केवल एक ही फसल बोई गई हो,मिश्रित खेती एवं पेढी फसल मान्य नहीं होगी।

10ण्2 संकर किस्मों के बीज उत्पादन में नर एवं मादा की अलग–अलग पंक्तियां लगाई जाए तथा उनकी बोआई की संख्या नीचे दी गयी सारिणी के अनुसार रखी जावेंः–

फसल	न्यूनतम सीमांतता नर पंक्ति की संख्या	बोआई का अनुपात	
		मादा	नर
बजरा	8	4	2
मक्का एवं संकर जाति	4	4	2
अन्य संकर जाति	2	6	2

ज्वार	4	4	2

10ण्3 यदि कोई स्वपरागित या परागित बीज फसल एक तिहाई या उससे अधिक गिर जाती है जिसमें निरीक्षण के लिए विस्तृत गणना करना कठिन हो या असंभव हो तो फसल प्रमाणीकरण के योग्य नहीं मानी जाएगी। यदि उप/सहा. बीज प्रमाणीकरण अधिकारी यह समझें कि पकने की स्थिति तक गिरी हुई फसल खड़ी हो सकती है तो खेत को तुरंत निरस्त नहीं किया जावेगा तथा अगले निरीक्षण में इसकी पुष्टि की जावेगी परंतु गेहूँ की वे किस्में जो लूजस्मट बीमारी से ग्रसित हो सकती हो, यदि फूल आने की अवस्था पर एक तिहाई से अधिक गिर गई हो तो फसल का प्रमाणीकरण नहीं किया जाएगा। इसके विपरीत पर–परागित बीज फसलों में और दो जनक वाली संकर जातियों के उत्पादन में यदि फूल आने की अवस्था में फसल या उससे पहले 1/3से अधिक फसल गिर जाए और गणना करना संभव न हो तो प्रमाणीकरण निरस्त किया जावेगा।

10.4 बीज फसल उगाने हेतु कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित बीज उत्पादन की शस्य विधियों पर आधारित कृषि कार्यमाला आवश्यक है, जिससे बीज की गुणवत्ता का स्तर सुधारा जा सके। बीज प्रमाणीकरण के अंतर्गत ली गई फसल की कटाई, गहाई तथा बीज भण्डारण के दौरान संस्था के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है, किसी लॉट में मिश्रण होने अथवा सुरक्षित ढंग से न रखा होने की स्थिति में उसका प्रमाणीकरण संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा निरस्त किया जावेगा।

10.5 बीज प्रमाणीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों के अनुसार बीज गुणवत्ता, का स्तर बनाये रखने के लिए बीज उत्पादक द्वारा, भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानको के अनुसार निर्धारित तकनीक अपनाना आवश्यक होगा।

10.6 मिश्रित खेती मान्य नहीं होगी। अंतवर्ती फसल उत्पादन कार्यक्रम हेतु भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों के परिशिष्ट–। की शर्तो के अनुसार ही मान्य किया जा सकेगा।

11– <u>फसल का निरीक्षण</u>

फसल निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य बोई गई फसल किस्म का निम्न बिन्दुओं के आधार पर वांछित सत्यापित करना है। किसी बीज प्लाट के मानक स्तरीय न होने पर उसे निरस्त किया जा सकेगा।

11.1 उपयोग किये गये बीज का बीज स्त्रोत सत्यापित हो जिससे अनुवांशिक एवं भौतिक शुद्वता जो निर्धारित है, उच्च गुणवत्ता का तैयार हो।

11.2 यह सत्यापित करना कि जिस भूमि में उत्पादन कार्यक्रम लिया जा रहा है उस भूमि में पूर्व में ली गई फसल क्या थी, जिससे संदूषण तथा बीमारी से प्रभावित होने की संभावना न हो।

11.3 सत्यापित करना कि बीज प्लाट की पृथक्करण दूरी संतोषप्रद है या नहीं।

11.4 संकर किस्मों में निर्धारित बार्डर लाईन लगाई गई है या नहीं।

11.5 संकर किस्मों में नर एवं मादा लाईन निर्धारित अनुपात में लगाई गई है या नहीं।

11.6 कृषक प्रक्षेत्र पर बीज प्लाट की गणना हेतु बीज प्लाट में जाकर पूर्ण क्षेत्र की गणना नियमानुसार करें तथा निर्धारित अनुपात में लगाई गई है या नहीं।

11.7 न्यूनतम खेत निरीक्षण फसल अनुसार निम्नानुसार होगाः–

क्र.	फसल	निरीक्षण संख्या	निरीक्षण की अवस्था
1	धान,गेहूं,रागी,मूंग,उडद,अरहर,लोबिया, फ्रेंचबीन,सोयाबीन,मूंगफली	2	पहला पुष्पन के समय, दूसरा पकते समय
2	(ए) मक्कासिंगल क्रास एवं संकर मक्का। (बी) कम्पोजिट एवं अन्य	4 2	पहला पुष्पन के पहले, तीन पुष्पन के बाद। पहला पुष्पन के पहले दुसरा पुष्पन के बाद
3	संकर ज्वार, बाजरा, सूर्यमुखी	4	पहला पुष्पन के पहले, दूसरा एवं तीसरा पुष्पन के समय चौथा कटाई के पहले
4	ज्वार, बाजरा, सूर्यमुखी, कुसुम, तिल, जूट	3	पहला पुष्पन के पहले, दूसरा पुष्पन के समय तीसरा कटाई के पूर्व
5	(ए) संकर कपास (बी) कपास,किस्म,अरण्डी किस्म	4 2	पहला पुष्पन के पहले, दूसरा,तीसरा पुष्पन के समय,चौथा(पिकिंग के समय) पुष्पन से कटाई के समय
6	अरण्ड़ी–संकर	4	पहला पुष्पन के पहले दूसरा,तीसरा पुष्पन के समय चौथा कटाई के पूर्व
7	बैगन,भिण्डी, टमाटर, मिर्च, कुकर बिट्स, तथा फलवाली सब्जियां	3	पहला पुष्पन के पूर्व दूसरा पुष्पन के समय तीसरा फल पकने के समय

क्र.	फसल	निरीक्षण संख्या	निरीक्षण की अवस्था
8	आलू	4	पहला बोनी के 45 दिन बाद दूसरा बोनी के 60–65 दिन बाद शीघ्र पकने वाली फसल एवं 70–75 दिन देर से पकने वाली फसल हेतु। तीसरा हाल्म कटिंग के बाद चौथा हाल्म कटिंग के 10 दिन बाद
9	गाजर, मूली	3	पहला 20–30 दिन बाद रोपन के पहले। दूसरा रोपाई के बाद तीसरा पुष्पन के समय

11.8 खेत निरीक्षण के समय गणना लेना एवं प्रतिवेदन तैयार करना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है अतः भारतीय न्यूनतम मानक , निर्धारित गणना संख्या और स्टेंडर्ड त्रुटि को घ्यान रखकर कृषक को फसल की स्थिति अनुसार निर्देशित किया जाना अपेक्षित है।

11ण्8ण्1 वनस्पतिक अवस्था : बीज स्रोत सत्यापन, पृथक्करण दूरी, संदूषण पौधे की पहचान एवं पुष्पन अवस्था में ली जाने वाली सावधानियॉ आदि।

11ण्8ण्2 पुष्पन अवस्था : संदूषण के कारको का विवरण , दूर करने के उपाय व अन्य ऐसी सावधानियॉ जिससे गुणवत्ता में उतरोत्तर सुधार हो।

11ण्8ण्3 फसल पकते समयः कटाई, गहाई एवं बीज ढुलाई में आवश्यक सावधानियॉ।

11ण्8ण्4 पुनः गणना : स्टेंडर्ड त्रुटि को ध्यान में रखकर बीज फसल को मानकों के अनुरूप मान्य या अमान्य करने हेतु पुनः गणना करना अनिवार्य है।

11.8.5 बीज फसल के निरीक्षण के बाद निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर, निरीक्षण के समय उपस्थित कृषक या उसके प्रतिनिधि से हस्ताक्षर प्राप्त कर एक प्रति तत्काल उन्हें दी जायेगी। यदि कोई भी व्यक्ति हस्ताक्षर से इनकार करता है, तो इसका स्पष्ट उल्लेख निरीक्षण प्रतिवेदन में किया जाये। ऐसे निरीक्षण प्रतिवेदन एवं निरस्त प्रतिवेदन 48 घंटे के अंदर पंजीकृत डाक से संबंधित कृषक, संभागीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय भेजे जावेगे। सामान्य प्रतिवेदन संबंधित संभागीय कार्यालय एवं प्रधान कार्यालय को निरीक्षण दिनांक से 03 दिवस (72 घंटे) के अन्दर भेजना होगा।

11.9 मानक अनुरूप बीज फसल की कटाई, गहाई एवं ढुलाई निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत तथा निर्धारित प्रक्रिया केन्द्र पर कट आफ डेट के पूर्व करना चाहिये। उक्त कार्य में उत्पादक सभी आवश्यक सावधानियां बरतेंगे जिससे बीज की गुणवत्ता सुरक्षित रहे।

12— पुनः निरीक्षण

प्रमाणीकरण हेतु प्रस्तावित क्षेत्र यदि किसी निरीक्षण के समय प्रमाणीकरण के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर बीज उत्पादक निर्धारित शुल्क के साथ निरीक्षण के एक सप्ताह के अंदर आवेदन देकर पुनः निरीक्षण करा सकता है। ऐसे निरीक्षण एक या एक से अधिक किए जा सकते है। पुनः निरीक्षण की अनुमति बीज प्रमाणीकरण अधिकारी के द्वारा दी जा सकेगी। पुनः निरीक्षण की अनुमति केवल उन्ही स्थितियों में दी जावेगी जिनके सुधारने पर बीज की गुणवत्ता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पडेगा।

13— कटाई,गहाई एवं ढुलाई

उच्च–कोटि के बीज तैयार करने के उद्देश्य से किया गया संपूर्ण परिश्रम व्यर्थ जाएगा यदि बीज में कटाई,गहाई या ढुलाई के समय किसी तरह का मिश्रण हो जाए। बीज प्रमाणीकरण संस्था के लिए न तो यह संभव है और न व्यवहारिक दृष्टि से उचित है कि उसका प्रतिनिधि प्रत्येक कार्य की देखभाल करें। यह कार्य मुख्य रूप से बीज उत्पादक कृषक एवं बीज उत्पादक संस्था की जिम्मेदारी तथा ईमानदारी पर निर्भर है। अतएवं संबंधित बीज उत्पादक/बीज उत्पादक संस्था यह अनिवार्यतः सुनिश्चित करें कि मानक स्तरीय पाये गये बीज उत्पादन प्रक्षेत्र का उत्पादन ही बिना किसी मिश्रण के, संबंधित बीज प्रक्रिया केन्द्र तक पहुॅचाया जावे।

13.1 जहां संकरण प्रक्रिया से नर एवं मादा जनक पौधों की पंक्तियां लगाई गई हों, उनमें निरीक्षण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि नर जाति की पंक्तियां पहले काटकर अलग कर ली गई हों तथा उनका बीज अलग रख दिया गया गया हो। ताकि मुख्य बीज फसल में मिलने की संभावना न रहे। इस कार्य का पर्यवेक्षण संस्था के अधिकृत निरीक्षण अधिकारी द्व ारा किया जावेगा।

13.2 इसी तरह यह भी निश्चित कर लिया जाए कि उन खेतों का ,जो आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से निरस्त कर दिये गये है का उत्पादन प्रमाणीकरण के योग्य उत्पादन के साथ न मिल जाए।

13.3 यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि प्रक्रिया केन्द्रों पर उन्हीं प्रक्षेत्रों का बीज लाया जावें जिन्हें प्रमाणीकरण के योग्य माना गया है। प्रक्रिया केन्द्र पर भेजे जाने वाले बीज के साथ बीज मात्रा की पुष्टि हेतु

अंतिम निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित बीज उत्पादक द्वारा अनिवार्य रूप से लाया जावे।

13.4 बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी बीज प्रक्रिया के कार्यो का सतत् निरीक्षण कर सकेंगें।

13.5 उत्पादक संस्था/बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी द्वारा बीज उपार्जन प्रारंभ होने की तिथि से उपार्जन की अंतिम तिथि (परिशिष्ट–IV अनुसार) तक पाक्षिक निम्न प्रपत्र में जानकारी संस्था के संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को उपलब्ध करायी जावेगी–

पंजी. कं.	कृषक का नाम	पता	फसल	किस्म	श्रेणी	प्राप्त उत्पादन	प्राप्ति दिनांक	प्रक्रिया प्रभारी के हस्ता0

13.5.1 असंसाधित बीज का अग्रिम संसाधन कार्यक्रम संस्था के संबधित सहा. बीज प्रमा. अधिकारी द्वारा संबंधित बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी से समन्वय कर बनाया जावेगा। इस प्रकार संयुक्त हस्ताक्षरित कार्यक्रम का परीक्षण संभागीय कार्यालय द्वारा किया जाकर अनुमोदन जारी किया जावेगा। तदनुसार बीज प्रक्रिया कार्य संबंधित उत्पादक संस्था द्वारा किया जावेगा।

13.6 पर्यवेक्षकीय निरीक्षणः–

संभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो के साथ–साथ बीज प्रमाणीकरण अधिकारी विशेष फसल निरीक्षण का कार्य करेंगें। विशेष निरीक्षण कार्य संभाग के सभी जिलों एवं सभी अधीनस्थ निरीक्षणकर्ता अधिकारियों के क्षेत्र का किया जायेगा, किन्तु न्यूनतम क्षेत्र निम्नानुसार होगा–

क्र.	पंजीकृत क्षेत्रफल	विशेष निरीक्षण का क्षेत्र
1	1000 हे. से 2000 हे. तक	न्यूनतम 300 हे.
2	2000 हे. से 4000 हे. तक	न्यूनतम 350 हे.
3	4000 हे. से अधिक	न्यूनतम 400 हे.

13.7 संभाग में पदस्थ उप बीज प्रमाणीकरण अधिकारी अपने कार्य के साथ–साथ विशेष फसल निरीक्षण का कार्य भी बीज प्रमाणीकरण अधिकारी की अनुमति से करेंगें। इसके अतिरिक्त आवंटित जिले के अन्तर्गत प्रत्येक बीज प्रक्रिया केन्द्र पर 5–7 बीज लॉटस की सेम्पलिंग अपने समक्ष करावेगें।

13.8 कटाई एवं गहाई के बाद उत्पादक बीज को अच्छी तरह सुखा कर साफ सुथरें थैलों में सुरक्षित स्थान पर रखे। मक्का के बीज उत्पादन में गहाई से पूर्व अवांछित भुटटों को छॉटना तथा अलग करना आवश्यक

है। संबंधित निरीक्षण अधिकारी इस विषय पर विशेष निर्देश बीज उत्पादकों को देंगें तथा गहाई से पूर्व भुट्टों की छंटनी का निरीक्षण करेंगें एवं निर्धारित स्तर के अनुरूप होने पर गहाई की स्वीकृति देंगे। जिन बीज प्रक्रिया केन्द्रों पर भुट्टों को सुखाने तथा दाने निकालने की सुविधा है वहां यह कार्य संबंधित निरीक्षण अधिकारी की देखरेख में बीज प्रक्रिया केन्द्र पर किया जाएगा।

13.9 अ–एक संभाग से दूसरे संभाग में असंसाधित बीज स्थानांतरण के आवेदन, उत्पादक संस्था द्वारा पंजीकृत कृषक, पंजीकृत प्रमाणित क्षेत्र, अनुमानित उपज एवं स्थानांतरण हेतु उपार्जित मात्रा के साथ तिथिवार कार्यक्रम आवश्यक शुल्क सहित संभागीय कार्यालय के माध्यम से प्रधान कार्यालय भेजे जावेगे। इन आवेदनो पर प्रबंध संचालक द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उत्पादक कृषक के भण्डारण स्थल/खलिहान पर बीज लाट्स को मोहरबंद (सील से) कर स्थानांतरण की अनुमति दी जावेगी।

इस प्रकार कृषक के भण्डारण स्थल/खलिहान में संबंधित सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा सील से प्रत्येक लॉट को सभी बोरों को मोहरबंद किया जावेगा। बोरों पर लॉट की पहचान जैसे फसल, किस्म, श्रेणी, लॉट नम्बर लिखा जावेगा। साथ ही प्रत्येक बीज लॉट के लिए पूर्ण विवरण सहित जैसेः कृषक का नाम, ग्राम, जिला, पंजीकृत व प्रमाणित क्षेत्र, अनुमानित उत्पादन एवं मानक अनुरूप बीज प्लाट से प्राप्त वास्तविक उत्पादन की मोहरबंद मात्रा का उल्लेख कर उत्पादक कृषक से हस्ताक्षर कराने के बाद उक्त पत्रक पर सम्बन्धित निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जावेंगे।

इस तरह मोहरबंद किये गये बीज के स्थानान्तरित होकर दूसरे संभाग के संबधित बीज प्रक्रिया केन्द्र पर पहुॅचने पर प्रत्येक स्थानान्तरित बीज लॉट के प्रत्येक बोरे की सील की एवं उस लाट हेतु जारी मोहरबंद प्रमाण पत्र एवं निरीक्षण प्रतिवेदनों की जॉच की जाकर संतुष्ट होने पर ही बीज प्रक्रिया कार्यक्रम बनाने की अनुमति दी जावेगी। यदि किसी बीज लॉट में सील नहीं लगी पायी जावेगी तो एसे बीज लॉट को तुरन्त निरस्त कर इसकी सूचना दोनों संभागों की बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों को दी जावेगी।

ब–संभाग के अन्तर्गत एक जिले से दूसरे जिले में असंसाधित बीज स्थानांतरण के आवेदन, उत्पादक संस्था द्वारा पंजीकृत कृषक का पंजीकृत एवं प्रमाणित क्षेत्र, अनुमानित उपज एवं स्थानांतरण हेतु उपार्जित मात्रा की जानकारी के साथ तिथिवार कार्यक्रम संबंधित सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी के माध्यम से संभागीय कार्यालय को भेजे जायेंगे। प्राप्त आवेदनों पर बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उत्पादक कृषक के भण्डारण स्थल/खलिहान पर असंसाधित

बीज लाट्स को मोहरबंद (लेड सील से) कर स्थानांतरण करने की अनुमति दी जावेगी।

इस प्रकार कृषक के भण्डारण स्थल/खलिहान में संबंधित सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा लेड सील से प्रत्येक लॉट को सभी बोरों को मोहरबंद किया जावेगा। बोरों पर लॉट की पहचान जैसे फसल, किस्म, श्रेणी, लॉट नम्बर लिखा जावेगा। साथ ही प्रत्येक बीज लॉट के लिए पूर्ण विवरण सहित जैसेः कृषक का नाम, ग्राम, जिला, पंजीकृत व प्रमाणित क्षेत्र, अनुमानित उत्पादन एवं मानक अनुरूप बीज प्लाट प्राप्त से वास्तविक उत्पादन की मोहरबंद मात्रा का उल्लेख कर उत्पादक कृषक एवं बीज उत्पादक संस्था प्रतिनिधि से हस्ताक्षर कराने के बाद सम्बन्धित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जावेंगे।

इस तरह मोहरबंद किये गये बीज के स्थानान्तरित होकर संबधित बीज प्रक्रिया केन्द्र पर पहुॅचने पर प्रत्येक स्थानान्तरित बीज लॉट के प्रत्येक बोरे की लेड सील की एवं उस लाट हेतु जारी मोहरबंद प्रमाण पत्र की जॉच की जाकर संतुष्ट होने पर ही बीज प्रक्रिया कार्य हेतु नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी बीज लॉट में लेड सील नहीं लगी पायी जावेगी तो ऐसे बीज लॉट को तुरन्त निरस्त कर इसकी सूचना स्थानांतरित किये गये प्रक्रिया केन्द्र पर पदस्थ सहा. बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा समस्त संबंधितो को दी जावेगी।

13.10– यह भी सुनिश्चित किया जाना महत्वपूर्ण है कि उन्हीं फसलो का उत्पादन जो प्रक्षेत्र निरीक्षण के स्तर पर प्रमाणीकरण योग्य मानी गई है, बीज प्रक्रिया हेतु भेजा जावे। इस हेतु व्यवस्था अन्तर्गत राज्य शासन द्व ारा भविष्य में निर्धारित नीति निर्देश अनुसार उक्त की पुष्टि हेतु क्षेत्रीय अधिकृत शासकीय अधिकारीओं/कर्मचारियों /अन्य नामांकितो (जैसे व. कृ.वि.अधि., ग्रा.कृ.वि.अधि., पटवारी, राजस्व निरीक्षक आदि) द्वारा निर्धारित प्रमाण पत्र (लेबल) के साथ ही उत्पादित बीज मात्रा मोहरबंद की जा सकेगी। प्रक्रिया केन्द्र पर संबंधित सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा संबंधित जानकारी अभिलेखित की जावेगी।

14– <u>बीज प्रक्रिया</u>

14.1 बीज प्रक्रियान्तर्गत, खेत स्तर पर मानकों के अनुरूप उत्पादित बीज को बीज प्रक्रिया कार्य के लिये बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा पंजीकृत बीज प्रक्रिया केन्द्रों/जिनिंग केन्द्रों पर लाना होगा। बीज प्रक्रिया कार्य में बीजों की ग्रेडिंग एवं बीज उपचार इत्यादि सम्मिलित है। संस्था द्वारा पंजीकृत बीज प्रक्रिया केन्द्रों/जिनिंग केन्द्रों पर ही प्रक्रिया कार्य मान्य होगा। फसल विशेष हेतु बीजों की ग्रेडिंग हेतु जालियों के निर्धारित माप परिशिष्ट–V पर दर्शाये गये हैं।

बीज प्रक्रिया केन्द्रों का पंजीयन एक वर्ष एवं तीन वर्ष हेतु निम्न शर्तो के तहत् होगाः–

<u>अ–एक वर्ष के लिये बीज प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन/नवीनीकरण–</u>

1–प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन/नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट–VI अनुसार निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करना होगा।

2–जिन बीज उत्पादक संस्थाओ के स्वयं के स्वामित्व वाले भण्डार गृह में स्थापित बीज प्रक्रिया केन्द्र नहीं होंगे, ऐसे बीज प्रक्रिया केन्द्रों का प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन/नवीनीकरण एक वर्ष हेतु किया जावेगा।

3–उक्त पंजीयन/नवीनीकरण आवेदित वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक वैध होगा। वैद्यता अवधि समाप्ति के 15 दिवस पूर्व संबंधित संभागीय कार्यालय में आगामी नवीनीकरण हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

<u>ब–तीन वर्ष के लिये बीज प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन/नवीनीकरण–</u>

1–प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन/नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट–VI अनुसार निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करना होगा।

2–उक्त पंजीयन/नवीनीकरण आवेदित वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) से प्रारंभ होकर तीसरे वर्ष की 31 मार्च तक वैध होगा। वैद्यता अवधि समाप्ति के 15 दिवस पूर्व संबंधित संभागीय कार्यालय में आगामी नवीनीकरण हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

3–बीज उत्पादक संस्था के पास स्वंय के स्वामित्व के भण्डार गृह में स्थापित स्वंय का बीज प्रक्रिया केन्द्र होना अनिवार्य है।

4–आवेदन के साथ स्वयं के स्वामित्व का भण्डार गृह होने से संबंधित समस्त अभिलेख जैसे भण्डार गृह का मानचित्र (माप एवं क्षमता सहित), रजिस्ट्री आदि की सत्यापित छायाप्रति एवं नोटराइज्ड़ शपथ पत्र (निर्धारित परिशिष्ट–XI) भी अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगी।

5–तीनो वर्षो का कुल शुल्क निम्नानुसार देय होगाः–

–पंजीयन हेतु शुल्क रूपये 4500/–

–नवीनीकरण हेतु शुल्क रूपये 3000/–

6–तीन वर्ष की अवधि हेतु पंजीयन/नवीनीकरण की स्थिति में नियत पंजीकृत बीज प्रक्रिया केन्द्र/भण्डार गृह में किसी भी प्रकार का आंतरिक/बाह्य परिवर्तन की स्थिति में 15 दिन पूर्व सूचना संस्था के संबंधित संभागीय कार्यालय को देनी होगी। बिना पूर्व सूचना के स्थान परिवर्तन पाये जाने पर जांच उपरांत उक्त उत्पादक संस्था एवं बीज प्रक्रिया केन्द्र का पंजीयन/नवीनीकरण निरस्तीकरण की कार्यवाही संबंधित संभागीय कार्यालय द्वारा प्रस्तावित की जावेगी।

14.1.1 **बीज प्रक्रिया केन्द्रो के पंजीयन हेतु आवश्यकतायें–**

1. उत्पादक संस्था का वैद्य पंजीयन क्रमांक। यदि संस्था का पंजीयन आवेदित हो तो सन्दर्भ लिखे।
2. बीज प्रक्रिया केन्द्र हेतु पर्याप्त भण्डारण क्षमता के उपयुक्त भवन/भण्डार गृह (आवश्यक शेड सहित)।
3. बीज प्रक्रिया संयंत्र (Seed Grader)।
4. निर्धारित माप की आवश्यक चालनियां (Screens)।
5. तुलाई मशीन, सिलाई मशीन, आर्द्रता मापी।
6. एक्जास्ट फेन, अग्निशामक यंत्र।
7. आवश्यकतानुसार वुडन/मैटल/प्लास्टिक(फाइबर) पैलेट्स।
8. पर्याप्त धूम्रीकरण कवर, तारपोलिन।
9. प्राथमिक उपचार व्यवस्था (First Aid Box)
10. संबंधित उप/सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी के बैठने/रिकार्ड रखने की समुचित व्यवस्था।
11. आवेदन अधिकृत प्रक्रिया प्रभारी अथवा उत्पादक संस्था के मालिक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिये।

नोट– बीज प्रक्रिया केन्द्र पर यदि अन्य आधुनिक/उन्नत व्यवस्थायें हों तो उनका भी विवरण दिया जाये जैसे– प्रिक्लीनर, इन्डेन्टेड सिलेण्डर, ग्रेविटी सेप्रेटर एवं ड्रायर आदि।

14.2 बीज प्रक्रिया केन्द्र पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु उक्त बिन्दु 14.1.1 (1) के अन्तर्गत उपयुक्त भण्डार गृह में निम्नानुसार आवश्यकतायें होना चाहियेः–

1. प्रक्रिया केन्द्र उपयुक्त भवन में जिसमें उचित प्रकाश, हवा आदि की व्यवस्था हो।
2. भवन उपयुक्त (दरार रहित) तथा नमी रोधक हो।
3. संयंत्र के आस पास कार्य हेतु जगह होना चाहिये तथा असंसाधित एवं संसाधित बीज रखने हेतु पर्याप्त भंडारण व्यवस्था हो।
4. केन्द्र पर बीज सुखाने आदि कार्यो हेतु पर्याप्त स्थान हो।
5. संयंत्र के संसाधन क्षमता का सही उपयोग करेगें एवं बीज की शुद्वता को बनाये रखेंगे।
6. संयंत्र निरीक्षण हेतु पहुंच मार्ग सुगम हो।
7. संयंत्र मानक उपकरणों से युक्त हो।
8. सभी प्रमाणीकरण संबंधी क्रियाएं संस्था के प्रतिनिधि के अनुमोदन उपरान्त होनी चाहिये।

14.3 बीज प्रक्रिया हेतु प्रणाली :–

बीज प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण क्रिया है, जिसमें बीज की गुणवत्ता को बीज प्रक्रिया द्वारा, अवशिष्ट पदार्थ जैसे–कंकड,मिट्टी, छोटे बीज, खरपतवार बीज, कटे–फटे बीजों को अलग कर, बनाया जाता है। प्रभारी अधिकारी बीज उत्पादक से आवश्यक दस्तावेज जैसे अंतिम निरीक्षण रिपोर्ट आदि को जांचने के उपरांत असंसाधित बीज मोहर बन्द प्रमाण पत्र में दी गई वास्तविक उत्पादन के आधार पर प्राप्त करेगा एवं निम्नानुसार बीज लाट की जांच करेगा।

(अ) बीज लाट में भौतिक मिलावट, अवशिष्ट पदार्थ, लस्चर आदि।
(ब) कीटोपघात, बीमारी, संदूषण आदि।
(स) नमी प्रतिशत।
(द) बीज लाट की मात्रा।
(इ) कट ऑफ डेट के पूर्व प्राप्ति।
(फ) स्पष्ट दिखाई देने वाला मिश्रण।

14.4 प्रत्येक लाट की प्रक्रिया के बाद बीज साफ–सुथरे बोरों में भरा जायेगा, जिसमें फसल, किस्म व श्रेणी लॉट क्रमांक अंकित हो।

14.5 प्रक्रियाकृत बीज के प्रत्येक बोरे का वजन एक समान हो तथा सिलाई के बाद बोरों को लेड सील लगाकर मोहरबंद किया जायेगा।

14.6 एक स्टेक में एक ही किस्म, श्रेणी का बीज रखा जा सकेगा एवं स्टेक पर पहचान के विवरण का स्टेक कार्ड लगाया जावेगा।

14.7 बीज लाट के स्टेक के चारो तरफ पर्याप्त जगह हो ताकि सुगमता से लाट्स का निरीक्षण किया जा सके।

14.8 जिस गोदाम में प्रक्रियाकृत बीज या प्रमाणित बीज रखा हो उसमे अन्य सत्यरूपित बीज या अनाज न रखा जावे। अण्डर साईज बीज का भण्डारण भी ऐसे गोदाम में नही किया जावे।

14.9 संकर कपास में रेशेयुक्त या डिलेन्टेड लाट का ही नमूना लिया जावेगा।

14.10 प्रक्रिया केन्द्रो पर उत्पादक संस्था द्वारा निम्नानुसार अभिलेखो का संधारण अनिवार्य रूप से करना होगा।

1. बीज प्राप्ती रसीद।
2. दैनिक बीज उपार्जन पंजी।
3. प्रक्रिया केन्द्र पर स्थापित मशीनों की लॉग बुक।
4. पंजीकृत बीज उत्पादकवार सभी प्रमाणीकरण कार्य की प्रविष्टियों की पंजी।

14.11 प्रक्रिया केन्द्रों पर निम्नानुसार अभिलेखो का संधारण संबंधित सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

1. बीज प्रक्रिया केन्द्र पंजी।

2. फसल पंजी।

3. टेग लेखा पंजी।

संस्था के पर्यवेक्षकीय अधिकारी उक्त संधारित अभिलेखों का समय–समय पर अनिवार्यतः निरीक्षण करेंगे।

15– <u>बीज परीक्षण हेतु नमूने लेना</u> :–

बीज प्रक्रिया के साथ–साथ या बीज प्रक्रिया पूर्ण होने के पॉच कार्य दिवसों में बीज परीक्षण हेतु नमूने बीज प्रमाणीकरण संस्था के अधिकारी द्वारा संबंधित केन्द्र प्रभारी/उत्पादक के समक्ष लिये जावेंगे। लिये गये नमूने की मात्रा, थैली एवं नमूना संस्था के प्रधान कार्यालय तक कोडिंग हेतु पहुॅचाने का कोई मूल्य या व्यय, बीज उत्पादक/बीज उत्पादन संस्था को देय नहीं होगा। बीज परीक्षण हेतु कोडिंग के लिये मुख्यालय भेजे जाने वाले नमूनों की मूल थैलियों में किसी प्रकार का कोई मार्क, मोनो, छापा, नंबर, निशान, लाईन, बिन्दी आदि नहीं होना चाहिये। इसमें उपयोग किया जाने वाला कपड़ा केवल सामान्य ''मार्किन'' (ग्रे–शीट) का होना चाहिये। थैली में बीज भरकर सफेद धागे से सिलाई के उपरांत नियमानुसार मुहरबंद किया जावेगा।

15.1 परिशिष्ट–VIII में वर्णित मात्रा के तीन एक समान नमूने बनाये जाएंगें तथा उन्हें मुहर बंद किया जावेगा तथा तीन कार्यकारी दिन के अंदर इन नमूनों को नीचे लिखे अनुसार वितरित किया जावेगा।

15.1.1 एक नमूना बीज परीक्षण प्रयोग शाला हेतु भेजे जाने के लिये उसे संस्था के मुख्यालय को भेजा जावेगा।

15.1.2 एक नमूना संबंधित कृषक/बीज उत्पादक संस्था को दिया जावेगा।

15.1.3 एक नमूना संस्था के संबंधित अधिकारी की अभिरक्षा में रहेगा।

15.1.4 संबंधित सहा. बीज प्रमा. अधिकारी द्वारा बीज परीक्षण हेतु नमूने लेने के बाद उन्हें मोहरबंद करके संबंधित उत्पादक संस्था के बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी को सौंप कर रजिस्टर में इसकी प्राप्ति लेंगे। उक्त नमूने 05 कार्यकारी दिवस के अन्दर संबंधित उत्पादक संस्था द्वारा कोडिंग हेतु जमा कराना अनिवार्य होगा।

15.1.5 मुख्यालय को प्राप्त नमूनों का कोडिंग किया जावेगा तथा कोडेड नमूनें परीक्षण हेतु प्रयोगशाला को भेजे जावेंगे।

15.2 बीज नमूने लेने,सील करने इत्यादि का कार्य एवं बीज परीक्षण प्रयोगशाला में परीक्षण में परीक्षण का कार्य निर्धारित दिशा निर्देशों के तहत किया जावेगा।

15.3 बीज परीक्षण परिणाम प्रधान कार्यालय में प्राप्ति के बाद डिकोडिंग उपरान्त, संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारियों/उत्पादक संस्थाओं को भेजें जावेंगे।

15.4 सर्विस नमूनों का परीक्षण निर्धारित शुल्क रू.150 प्रति नमूने सहित, प्रबंध संचालक की अनुमति से होगा। यह नमूने पहले मुख्यालय कोडिंग हेतु भेजे जावेंगे।

15.5 बीज उपचार :–प्रमाणीकरण के अंतर्गत कोई किस्म यदि बीज से फैलने वाली बीमारी के रोग जनकों की वाहक है और यदि ऐसा उपचार उपलब्ध है जो सही तरीके से करने से बीमारी या रोगजनक की रोकथाम कर सकता है तो संस्था ऐसे बीज का उपचार प्रमाणीकरण से पहले करवा सकती है या बीज उत्पादक संस्था के अनुरोध पर संस्था बिना बीज उपचार के भी प्रमाणीकरण कर सकती है बशर्ते :–

बीज उत्पादक संस्था लिखित रूप से यह सुनिश्चित करेगी कि बीज उपचार का अनुशंसित रसायन, उपचार संबंधी आवश्यक जानकारियों के पत्रक एवं सावधानियों के निर्देशों के साथ थैले के अंदर रख दिया है और बीज उत्पादक को बीज बौने के पूर्व बीज उपचार अनिवार्यतः किये जाने के निर्देश दिये गये। फसलवार बीज उपचार हेतु प्रयुक्त रसायनो की सूची परिशिष्ट–VII पर है।

16– <u>पुनः नमूना लेना तथा पुनः परीक्षण कराना।</u>

बीज लाट के बीज परीक्षण परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप न होने पर सामान्य स्थिति में बीज परीक्षण परिणाम,संबंधित केन्द्र पर प्राप्ति की तिथि से 15 दिवस के भीतर, बीज उत्पादक/उत्पादक संस्था निर्धारित शुल्क सहित पुनः नमूना लेने का आवेदन दे सकेगें। पुनः नमूना लेने तथा बीज परीक्षण कराने की अनुमति संभाग के संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों में निर्धारित सामान्य बीज प्रमाणीकरण मानकों के प्रावधान–XXIV के तहत् केवल एक बार दी जावेगी।

पुनः प्रक्रिया के कारक/कारकों को नमूना पत्रक में संबंधित नमूने लेने वाले अधिकारी द्वारा स्पष्टतः अंकित किया जावेगा।

16.1– भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों के प्रावधान–XXVII के तहत आधार श्रेणी में अमानक किन्तु प्रमाणित श्रेणी में मानक स्तरीय पाये गये बीज प्लाटस/लाट्स के डाउनग्रेडिंग की अनुमति संबंधित उत्पादक संस्था के अनुरोध पर संभाग के बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा दी जा

सकेगी। संकर एवं उनके पैतृकों के लिये डाउनग्रेडिंग की अनुमति नहीं दी जावेगी।

17— <u>अनुवांशिक शुद्धता</u> :—

प्रत्येक प्रमाणित बीज लाट,की आधार एवं प्रमाणित श्रेणी की अनुवांशिक शुद्वता निर्धारित भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों के अनुसार होगी।

17.1 भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानकों में अनुवांशिक शुद्वता के प्रावधान निर्धारित है। तदनुसार संकर फसलों का ग्रो–आऊट परीक्षण अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा निर्धारित अन्य फसल किस्मों के आधार बीज लाटों का ग्रो–आऊट परीक्षण भी कराना होगा। आवश्यक होने पर प्रमाणीकरण संस्था किसी भी लाट या लाटों का अनुवांशिक शुद्वता परीक्षण कराएगी तथा बीज उत्पादक/बीज उत्पादक संस्था को इसके लिए निर्धारित शुल्क अतिरिक्त देना होगा तथा मानकों के अनुरूप परिणाम आने पर ही प्रमाणीकरण किया जाएगा। अनुवांशिक शुद्वता परीक्षण हेतु संस्था के योग्य अधिकारी/अधिकारियों एवं संबंधित फसल प्रजनक/वैज्ञानिकों को सम्मिलित करते हुए प्रबंध संचालक एक समिति गठित करेंगे।

17.2 निरीक्षण समिति का गणना प्रतिवेदन, ग्रो–आउट परीक्षण, प्रक्षेत्र प्रबंधक द्वारा अगले कार्यकारी दिवस में ही मध्यप्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था के मुख्यालय भेजा जावेगा। उसकी डिकोडिंग कर यथाशीध्र परिणाम पुनः बीज प्रमाणीकरण संस्था के संबंधित संभागीय कार्यालय को भेज दिया जाएगा। जो संबंधित उत्पादक/संस्था को सूचित करेंगें।

18— <u>बीज लाट</u> :—

एक बीज लाट भौतिक रूप से अलग पहचानने योग्य वह मात्रा है, जो एक रूप है।

19— <u>बीज लाट का आकार</u> :—

19.1 एक बीज लाट की अधिकतम सीमा, विभिन्न फसलों हेतु भारतीय न्यूनतम बीज प्रमाणीकरण मानक परिशिष्ट–VIII में निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं होगी। उत्पादक के खेत से प्राप्त कुल बीज मात्रा यदि निर्धारित मात्रा से अधिक हो तो उसे दो या अधिक असंसाधित बीज लाट में विभाजित कर अलग–अलग लाट क्रमांक की सीरीज जैसे 01(i),01(ii),01(iii) आवंटित की जाकर लाट का अलग–अलग संसाधन किया जावेगा।

19.2 ऐसे प्रत्येक लाट के नमूनों के परीक्षण हेतु बीज उत्पादक/उत्पादक संस्था का लाट संख्या अनुसार परीक्षण शुल्क देना होगा।

20— <u>बीज का प्रमाणीकरण</u> :—

बीज प्रमाणीकरण संस्था की सहमति से प्रक्रियाकृत बीज उन बोरों/थैलों/डिब्बों में सीधा भरा जा सकता है जिनमें वह विक्रय किया जाता है अथवा बीज परीक्षण परिणाम आने तथा बीजोपचार तक अस्थायी तौर पर बड़ें थैलों/बोरों में भी भरा जा सकता है। जिन थैलो/बोरों/डिब्बों में बीज अंततः प्रमाणीकरण कराया जाएगा उसका माप आकार,रंग तथा अन्य गुण एवं निर्धारित लेबल बीज उत्पादक संस्था द्वारा बीज प्रमाणीरकरण संस्था के संबंधित बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को प्रस्तुत कर पूर्व अनुमोदन कराया जावेगा। पैकिंग मटेरियल के संबंध में बीज प्रोद्योगिकी विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा की गई अनुशंसाओं के संबंध में पालन करना अनिवार्य होगा।

20.1 पुराने बोरों/थैलों/डिब्बों आदि जो एक बार उपयोग हो चुके हो उनमें पुनः प्रमाणित बीज भरकर टैग लगाने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

20.2 बोरों/थैलों/डिब्बों पर प्रमाणीकरण टैग एवं मुहर लगाये जाने की सुविधा होना चाहिए।

20.3 मुहरबंद करते समय संबंधित बीज लाट में निर्धारित आर्द्रता/स्तर होना आवश्यक है।

20.4 भारत सरकार द्वारा लेबल हेतु निर्धारित विवरण अनुरूप जानकारी पैकिंग/टैगिंग हेतु उपयोग किये जा रहे थैलों/बोरियों पर दर्शाया जाना अनिवार्य होगा।

20.5 बीज उत्पादक संस्था के उद्देश्यपूर्ण अनुरोध पर किसी बीज लाट की पैकिंग साईज सामान्य से कम करने की अनुमति बीज प्रमाणीकरण अधिकारी दे सकेगे। पैकिंग साईज सामान्यतः प्रति एकड़ बीज दर के अनुरूप होगी।

